जनपद - संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनॉक 15.09.2023

आज दिनांक 15.09.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर ***श्री अखिल कुमार*** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती ***श्री आर0के0 भारद्वाज*** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में संतकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

फरार चल रहे वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 03 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत 03 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत हैः-

थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त नाम पता गुड्डू पुत्र विश्वनाथ निवासी काजीपुर मगहर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः- उ0नि0 श्री रजनीश राय, कां0 अजीत गुप्ता, कां0 हरेन्द्र यादव।

थाना धनघटा पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त नाम पता राजेश्वर उर्फ भोला पुत्र भग्गल यादव निवासी प्रसादपुर थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः- उ0नि0 श्री अनुज कुमार यादव, कां0 आनन्द पटेल।

थाना मेहदावल पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त नाम पत बेचन पुत्र हुसैन निवासी भीतरी मुहल्ला थाना मेहदावल जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः- उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार, कां0 आलोक मणि।

पीआरवी आफ द डे

***पीआरवी 1486 द्वारा दो पक्षों के विवाद को कराया गया शांत व विवाद में घायल 02 लोगों को भेजवाया गया अस्पताल*–** पीआरवी 1486 को थाना दुधारा क्षेत्रान्तर्गत राजापुर सरैया से इवेन्ट संख्या 09282 से कालर द्वारा किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद / मारपीट होने से 02 लोगों के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर समय से पहुँचकर विवाद को शांत कराकर विवाद में घायल लोगों को जरिए एंबुलेंश से अस्पताल भेजवाया गया तथा घटना के संबंध में थाना दुधारा को अवगत कराया गया । पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर विवाद को शांत कराकर विवाद में घायल लोगों को अस्पताल भेजवाकर उनकी जान बचाई गयी, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

पीआरवी स्टाफ – आ0 राहुल मौर्य, आ0 सुधीर तिवारी, हो0चा0 बृजेश यादव।

शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) में 05 अभियुक्त गिरफ्तार

- **थाना को0 खलीलाबाद पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 03 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 74 वाहनों से 94,000 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया गया

आज दिनांक 15.09.2023 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 74 वाहनों से 94,000 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया ।